नारकॉटिक्स एनोनिमस कार्यक्रम क्या है ?

एन.ए. ऐसी स्त्री और पुरुषों का एक मुनाफारहित संगठन या समाज है जिनके लिये नशीले पदार्थ एक बड़ी समस्या बन गए थे। हम सुधरते हुए ऐडिक्ट है जो नशीले पदार्थों से दूर रहने में एक-दूसरे की मद्द करने के लिये नियमित मिलते है। यह सभी प्रकार के नशीले पदार्थों से पूरी तरह दूर रहने का कार्यक्रम है। इसकी सदस्यता के लिये केवल एक आवश्यकता है-नशा बन्द करने की इच्छा। हमारा सुझाव है कि आप खुला मन रखिये और अपने आप को एक मौका दीजिए। हमारा कार्यक्रम सिद्धांतों का संग्रह है जो इतनी सरलता से लिखे गए हैं कि हम इन्हें अपने दैनिक जीवन में अमल कर सकते हैं। इनकी सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह काम करते है।

एन.ए. के साथ कोई शर्ते जुड़ी हुई नहीं है, हमारा कोई प्रवेश-शुल्क या अशंदान नहीं है, न किसी शपथनामें पर हस्ताक्षर, और न किसी से कोई वादा करना है। किसी भी राजनैतिक, धार्मिक या कानून लागू करने वाले समूह से हमारा कोई संबंध नहीं है और हम किसी भी वक्त निगरानी में नहीं है। हमारे साथ कोई भी शामिल हो सकता है चाहे वह किसी भी उम्र, जाति, लैंगिक पहचान, पंथ, धर्म या धार्मिक अनास्था का व्यक्ति हो।

हमें इस बात में कोई दिलचस्पी नहीं कि आपने क्या और कितना इस्तेमाल किया या, आप किससे नशीले पदार्थ पाते थे, आपने अतीत में क्या किया, आपके पास कितना ज्यादा या कितना कम है, बल्कि हमारी दिलचस्पी केवल इस बारे में है कि आप अपनी समस्या के बारे में क्या करना चाहते हैं और हम आपकी किस तरह मद्द कर सकते हैं। किसी भी मीटिंग में नये सदस्य सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति है क्योंकि हमारे पास जो है उसे, हम दूसरों को देकर ही अपने पास रख सकते है। हमने अपने सामूहिक अनुभव से सीखा है कि हमारी मीटिगों में नियमित आने वाले ऐडिक्ट नशे से दूर रहते हैं।